प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 05.12.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा


## पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व / निर्देशन पर जनपदीय पुलिस के समस्त कार्यालयों/थानों में जनसुनवाई का आयोजन कर जनसामान्य की समस्याओं को किया गया निस्तारित-

आज दिनांक 05.12.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0 के0 गौतम मौजूद रहे।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस के सभी कार्यालयों/थानों में सम्बन्धित प्रभारी द्वारा प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई का आयोजन किया गया, इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया व प्राप्त शिकायतों का शीघ्र/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया।





# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 05.12.2022

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को मय अवैध तमंचा व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन के क्रम में आज दिनांक 05.12.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री बलराम सिंह द्वारा गठित टीम उ0नि0 मलखान सिंह द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 540/2022 धारा 323/504/506/307/308 भादवि व धारा 3(1)द,3(1)ध, 3(2)5क,3(2)5 एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त देवा शर्मा उर्फ जसवन्त पुत्र सत्यप्रकाश के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद खोखा व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद करते हुये हमीरपुर चुंगी छतरपुर रोड़ से गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 550/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

देवा शर्मा उर्फ जसवन्त पुत्र सत्यप्रकाश निवासी मुहल्ला सुभाषनगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 मलखान सिंह थाना कोतवाली नगर महोबा
2. हे0कां0 सुरेश कुमार
3. कां0 मोहम्मद वसीम



ने के बारे में जागरूक किया गया ।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 05.12.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में कानून एंव शाति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा ।

आज दिनांक **05.12.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में कानून एंव शांति व्यवस्था के दृष्टिगत आमजन से संवाद स्थापित कर कानून व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी। स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर **99** वाहनो के ई-चालान किये गये।




@mahobapolice    SP Mahoba @mahobapolice    7839857330

महोबा पुलिस